प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 16.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

................

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और वित्तमंत्री दीया कुमारी आज से अलग–अलग समूहों से बजट पूर्व संवाद करेंगे।
- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा–वन नेशन वन एप्लीकेशन के तहत विधानसभा का सदन डिजिटल हो रहा है–विधायकों को आईपेड पर नेवा का प्रशिक्षण दिया गया।
- प्रयागराज महाकुंभ में आज से संस्कृति का महाकुंभ–जयपुर से आज साबरमती–बनारस और 19 जनवरी को बाडमेर–बरौनी रेलगाडियों का संचालन होगा।
- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई स्थानों पर बारिश–ठण्ड में बढोतरी।

................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और वित्तमंत्री दीया कुमारी आज से अलग–अलग समूहों से बजट पूर्व संवाद करेंगे। इनमें खिलाडी, महिला, सामाजिक कार्यकर्ता, किसान और व्यापारी शामिल है। 22 जनवरी तक चलने वाले इस संवाद के तहत आज राज्य के कर्मचारी संगठनों के साथ बैठक की जाएगी। गौरतलब है कि 31 जनवरी से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान वर्ष 2025–26 का बजट पेश किया जायेगा। इसके लिए प्रदेश के विभिन्न वर्गों से बजट पूर्व संवाद के माध्यम सुझाव आमंत्रित किये जा रहे हैं।

................

राज्य विधानसभा को पेपरलैस बनाये जाने की कडी में कल विधायकों को आईपेड पर नेशनल ई–विधान एप्लीकेशन–नेवा का प्रशिक्षण दिया गया। विधनसभा के सदन में आयोजित समारोह में 100 से ज्यादा विधायको ने सदन से संबंधित काम करने का प्रशिक्षण लिया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि विधानसभा का सदन सूचना तकनीक के साथ नये कलेवर में तैयार हो गया है। सदन में 200 विधायकों की सीटों पर आईपेड लगाये गये है। इनके माध्यम से विधायक सदन में ऑनलाईन पद्धति से विधान कार्यों का सम्पादन कर सकेगें। इसके लिये वन नेशन–वन एप्लीकेशन नेवा के तहत राज्य विधानसभा के सदन में भी लोक सभा और राज्य सभा की तर्ज पर विधान संबंधी कार्य होगें।

................

पुलिस मुख्यालय ने कल एक आदेश जारी कर 45 पुलिस निरीक्षको के तबादले किये है। इनमें से 9 को जयपुर आयुक्तालय में लगाया गया है। आदेश के अनुसार गुंजन वर्मा, धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, संतरा मीणा, महेश चन्द्र गुर्जर, हवा सिंह यादव, राजेश गौतम, महेन्द्र सिंह, दिनेश कुमार और अनिल कुमार को आयुक्तालय में तैनात किया गया है। वहीं 8 जनवरी को हुए तबादलो में 12 पुलिस निरीक्षको के तबादले निरस्त किये गये है। इनमें जयपुर आयुक्तालय के हरिप्रसाद सैनी, मदन लाल कडवासरा, विनोद सांखला और रणजीत सिंह शामिल है।

................

सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाडा में चौथ माता का मेला आज से विधिवत रूप से शुरू हो गया है। माघ माह में कृष्ण पक्ष की चतुर्थी पर भरने वाले इस पांच दिवसीय मेले में श्रद्धालु चौथ माता के दर्शन करने आते है। आज मंदिर में विशेष झांकी सजाई गई है।

................

उधर बाडमेर के धोरीमन्ना में आलम पशु मेला भर रहा है। ध्वजारोहण के साथ शुरू हुए इस मेले में पशुओं की खरीद फरोख्त के लिए आस–पास के जिलो के अलावा अन्य राज्यों के व्यापारी पंहुच रहे है।

................

सीकर जिले का प्रसिद्ध खाटूश्याम जी का मेला इस बार 12 दिन भरेगा। फाल्गुनी लक्खी मेला 28 फरवरी से 11 मार्च तक चलेगा। इस बार मेले की अवधि एक दिन और बढाई गई है।

................

और अब खबरें महाकुंभ से–

प्रयागराज में जारी महाकुंभ में आज सांस्कृतिक कार्यक्रम संस्कृति का महाकुंभ आरंभ होगा। इसके तहत प्रसिद्ध कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों से भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा दर्शायी जाएगी। कार्यक्रम मुख्य मंच गंगा पंडाल में आयोजित होंगे। इसका शुभारंभ प्रख्यात गायक शंकर महादेवन की विशेष प्रस्तुति से होगा। यमुना और सरस्वती पंडालों में भी आज सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। त्रिवेणी पंडाल में 21 जनवरी से कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा। मुख्य गंगा पंडाल में दस हजार दर्शकों के लिए सुविधाजनक व्यवस्था है। इस बीच प्रदेशवासियों की महाकुंभ तक पहुंच आसान बनाने के लिए रेल्वे और राजस्थान रोडवेज की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की जा रही है। 12 जनवरी से रोडवेज द्वारा विशेष बसें संचालित हो रही हैं । वहीं रेल्वे आज से जयपुर से साबरमती बनारस स्पेशल ट्रेन चलायेगा। 19 तारीख से बाडमेर–बरौनी रेलगाडी चलाई जायेगी। साबरमती बनारस मेला स्पेशल गाडी आज के अलावा 5, 9, 14 और 18 फरवरी को सुबह 11 बजे रवाना होकर अगले दिन दोपहर में बनारस पंहुचेगी। वापसी में यह गाडी 17 जनवरी और 6,10,15 तथा 19 फरवरी को बनारस से शाम साढे सात बजे बनारस से रवाना होगी। वहीं बाडमेर–बरौनी गाडी 19 जनवरी को शाम साढे पांच बजे बाडमेर से रवाना होगी। ये दोनों ट्रेने जयपुर के गांधी नगर, खातीपुरा और जगतपुरा स्टेशन पर नहीं रूकेगी।

................

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पिछले 24 घंटों में राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। इसी के साथ ही प्रदेश में सर्दी के तेवर और तीखे हो गये है। धौलपुर में बारिश का दौर जारी है। करौली में भी सुबह से ही बुंदाबांदी हो रही हैं। सवाईमाधोपुर में कल दोपहर बाद से ही रूक–रूक कर बरसात का दौर बना हुआ है। हनुमानगढ़, अजमेर, पाली, में कोहरा छाने और ठण्डी हवा चलने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। भीलवाडा और जालोर में भी बारिश के बाद ठण्ड में बढोतरी हुई है। चूरू में दिन में भी तेज गलन और ठिठुरन बनी हुई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से वाहन चालको को परेशानी का सामना करना पड रहा है।

................